Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Rajendra Kumar Shri

an>

Title: Need to look into the problems being faced by the residents of Khanjarpur and Bhangari imposed on their movement by Army.

श्री राजेन्द्र कुमार (हरिद्वार) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हरिद्वार में रूड़की के ग्राम भगेड़ी महावतपुर की आबादी लगभग 13,000 के करीब है। इस गांव के तीन तरफ सेना की भूमि है जो कभी इसी गांव की भूमि अधिग्रहीत की गयी थी, किंतु सेना द्वारा इन खंजरपुर बाजार और ढडेरा रेलवे स्टेशन के रास्तों पर आवागमन को प्रतिबंधित किया गया है। जिससे ग्रामवासियों को आने जाने में काफी असुविधा का सामना करना होता है क्योंकि सेना के अधिकारियों द्वारा उनका परिचय दिखाने के लिए कहा जाता है।

अतः महोदय, मेरा आपसे अनुरोध हे कि ग्रामवासियों को खंजरपुर और ढडेरा रेलवे स्टेशन आने जाने में होने वाली कठिनाई को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त दोनों मार्गो को सेना के प्रतिबंध से मुक्त रखा जाना चाहिए।